हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
11 अप्रैल 2024, समय 1305

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा ज्योतिबा फुले को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि महात्मा फुले एक दूरदर्शी समाज सुधारक थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन अन्याय से लडने और समानता को बढावा देने में समर्पित कर दिया। उनके विचार असंख्य लोगों को आत्मबल प्रदान करते हैं।
प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में महात्मा ज्योतिबा फुले के अथक प्रयासों ने समाज पर एक अमिट छाप छोडी है। श्री मोदी ने कहा कि आज निर्धनों और वंचित लोगों को सशक्त बनाने के उनके विचार के प्रति वचनबद्धता प्रदर्शित करने का अवसर है।

....

हरियाणा और चंडीगढ़ में आज ईद का त्यौहार पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जा रहा है।

विभिन्न जिलों से मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा ईदगाह और मस्जिदों में ईद की नमाज़ अदा किये जाने के समाचार मिले हैं। पानीपतशहर में सनोली मार्ग स्थित मस्जिद, भिवानी में ढाणा मार्ग स्थित ईदगाह और चंडीगढ़ की सैक्टर 20 स्थित मस्जिद सहित हरियाणा के विभिन्न शहरों व कस्बों की मस्जिदों में सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग जमा होने शुरू हो गए और नमाज़ अदा कर, एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

पलवल में मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के प्रदेशाध्यक्ष मोहम्मद यूनिस ने कहा कि इस बार ईद और नवरात्रि का त्यौहार एक साथ आया है। उन्होंने कहा कि आज ईद पर देश में अमन शांति और आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई है।
जींद में इमाम मोहम्मद हसन ने कहा कि उन्होंने मस्जिद में नमाज़ अदा करवाई और सभी को अमन से रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ईद पा समाज व इस देश में रहने वाले हर धर्म एवं कौम की बेहतरी और शांति की कामना की जाती है।

....

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईद पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने संदेश में कहा है कि यह त्योहार रमजान के पवित्र महीने के दौरान उपवास और प्रार्थना के समापन का प्रतीक है तथा प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार एकता, क्षमा और पुण्य को बढ़ावा देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि ईद का पर्व गरीबों तथा वंचित लोगों की मदद करने और उनके साथ खुशियां बांटने का मौका है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि ईद-उल-फितर हमें करुणा, उदारता और एकता के मूल्यों की याद दिलाता है। उन्होंने कामना की कि ईद सभी के जीवन में खुशी, संतुष्टि और दुआएं लेकर आए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में सभी में करुणा, एकतता और शांति की भावना पैदा करने की कामना की है।

....

पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने ईद पर लोगों को बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि रमज़ान, भक्ति, उपवास, परोपकार और आत्मा दायित्व का समय है। उन्होंने आशा जताई कि रमज़ान के समापन पर मनाया जाने वाला यह त्यौहार आपसी भाईचारे, करूणा एवं सहभाजन की भावना पैदा करेगा और समग्र समाज के बहुलवादी बंधनों को मजबूत करेगा।

....

गुरूग्राम के बहुचर्चित डिंगरहेडी सामूहिक दुष्कर्म एवं दोहरे हत्याकांड मामले में सीबीआई अदालत ने चार आरोपियों को दोषी करार दिया।सजा के लिए 15 अप्रैल की तारीख रखी गई है।

पंचकूला स्थित अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश राजीव गोयल की हरियाणा में सीबीआई की विशेष अदालत ने इस मामले के 6 आरोपियों को बरी किया। इस मामले में 10 आरोपी न्यायिक हिरासत में थे।

चार आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और पोस्को कानून के तहत दोषी करार दिया गया है।

....

निर्वाचन आयोग व हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिला पंचकूला में अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं को फोटोयुक्त मतदाता सूची में सम्मलित करने एवं चुनाव के दौरान आम जनता को मतदान के प्रति जागरूक करने के उददेश्य से पंचकूला में सैक्टर 26 स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की शारीरिक विषय की अध्यापिका प्रियंका शर्मा को लोकसभा आम चुनाव के लिए जिला आईकॉन नियुक्त किया गया है।

पंचकूला के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील सारवान ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रियंका शर्मा जैसे उदीयमान खिलाड़ी युवाओं को मतदान करने के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगे। वे स्कूल व कॉलेज सहित आमजन के बीच जाकर जिला के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करेंगी।

....

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने चुनावी माहौल में जनता से किसी भी तरह के टकराव से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश से बीजेपी और जेजेपी के नेताओं के विरोध की खबरें आ रही हैं। इसके चलते कई क्षेत्रों में तनावपूर्ण माहौल पैदा हो जाता है।

श्री दीपेंद्र हुड्डा ने कल रोहतक के कलानौर में जनसंपर्क के दौरान कहा कि जनता को इस स्थिति से बचना चाहिए। क्योंकि भाईचारे को बिगाड़ने की सियासत करने वाले इस तनावपूर्ण माहौल का लाभ उठा सकते हैं।

....